CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 71 ▫ रायपुर, रविवार 5 अप्रैल 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### बिजली भुगतान विवाद को लेकर छत्तीसगढ़-तेलंगाना संवाद फिर टला, बैठक के स्थान को लेकर नहीं बनी सहमति



**रायपुर, 5 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के बीच करीब 3500 करोड़ के बकाया बिल को लेकर चल रहा बिजली भुगतान विवाद एक बार फिर उलझ गया है। दोनों राज्यों के बीच प्रस्तावित बैठक स्थल को लेकर सहमति नहीं बन पाई, जिससे वार्ता फिर टल गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, तेलंगाना सरकार बैठक हैदराबाद में कराने पर जोर दे रही है, जबकि छत्तीसगढ़ का पक्ष है कि बैठक रायपुर में हो। इसी मुद्दे पर सहमति नहीं बनने से प्रस्तावित बातचीत टल गई है। छत्तीसगढ़-तेलंगाना के बीच यह भुगतान विवाद पिछले करीब सात वर्षों से लंबित है। छत्तीसगढ़ की ओर से तेलंगाना पर लगभग 3500 करोड़ का बकाया बताया जा रहा है, जबकि तेलंगाना सरकार केवल 2100 करोड़ की देनदारी ही स्वीकार कर रही है। बैठक नहीं होने से विवाद के जल्द समाधान की संभावना फिलहाल कम नजर आ रही है। अब इस मामले में कानूनी कार्रवाई का विकल्प भी खुला रखा गया है। इस पूरे विवाद पर सुनवाई इसी महीने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग में होने वाली है, जहां दोनों राज्य अपना पक्ष रख सकते हैं।

### लापता दो बच्चों की तालाब में मिली लाश, गांव में पसरा मातम

**जशपुर, 5 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले से एक दुखद खबर सामने आई है, जहां बीते दिन से लापता दो मासूम बच्चों की लाश तालाब में तैरती हुई मिली है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। यह मामला बगीचा थाना क्षेत्र के बिसबहरी गांव का है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। मृतक बच्चों की पहचान गोल्डी टोप्पो (7 वर्ष) और अनीस टोप्पो (8 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दोनों बच्चे शनिवार शाम से लापता थे। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला तो बगीचा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

**हाईकोर्ट का अहम फैसला**

# कलेक्टर को सीईओ का प्रभार बदलने का अधिकार नहीं, फिर से बहाली के आदेश



**बिलासपुर, 5 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कलेक्टर की शक्तियों पर स्पष्ट सीमा तय करते हुए कहा है कि जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) का प्रभार बदलने का अधिकार कलेक्टर को नहीं है। अदालत ने इस मामले में कलेक्टर के आदेश को निरस्त करते हुए याचिकाकर्ता शुभा दामोदर मिश्रा को पुन: उनके पद पर बहाल करने के निर्देश दिए। इस मामले की सुनवाई न्यायाधीश पार्थ प्रतिम साहू ने की।

मामला बिलासपुर के निवासी शुभा दामोदर मिश्रा से जुड़ा है। उन्हें 18 जून 2025 को सचिव, आदिम जाति विकास विभाग, रायपुर द्वारा जनपद पंचायत गौरेला (जिला जीपीएम) में मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) के पद पर पदस्थ किया गया था। वे जून 2025 से इस पद पर कार्यरत थीं। इसी दौरान 11 मार्च 2026 को कलेक्टर, जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (जीपीएम) ने आदेश जारी कर उन्हें सीईओ के प्रभार से हटाते हुए सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, गौरेला के कार्यालय में पदस्थ कर दिया। इस आदेश के खिलाफ शुभा मिश्रा ने अधिवक्ता अभिषेक पांडेय और ऋषभदेव साहू के माध्यम से हाईकोर्ट बिलासपुर में रिट याचिका दायर की। याचिका में तर्क दिया गया कि 11 अप्रैल 2025 को प्रमुख सचिव, आदिम जाति विकास विभाग द्वारा जारी सर्कुलर के अनुसार, शासन द्वारा नियुक्त किसी भी जनपद पंचायत सीईओ को हटाने का अधिकार कलेक्टर को नहीं है। ऐसे मामलों में राज्य शासन की अनुमति आवश्यक होती है। मामले में सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने याचिका को स्वीकार करते हुए कलेक्टर द्वारा जारी आदेश को निरस्त कर दिया। साथ ही अदालत ने शुभा दामोदर मिश्रा को पुन: मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत गौरेला के पद पर पदस्थ करने के निर्देश दिए हैं।


# किशोरी को हाथियों ने कुचला, स्पॉट पर ही मौत



**रामानुजगंज, 5 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** जंगल में मौजूद हाथियों के दल ने एक किशोरी को मौत के घाट उतार दिया। किशोरी जंगल में महुआ बीनने गई हुई थी, इसी दौरान उसका 22 हाथियों के दल से सामना हो गया। दल में मौजूद हाथियों ने बच्ची को उठाकर पटक दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम द्वारा बच्ची की लाश को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। लोगों को जंगल में नहीं जाने की समझाइश दी जा रही है।

बता दें कि, बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर विकासखंड अंतर्गत चिनिया क्षेत्र में इन दिनों 22 हाथियों का दल मौजूद है, झारखंड की ओर से पहुंचा यह दल काफी आक्रामक है और पिछले 3-4 दिनों से महावीरगंज,चिनिया, सहित 5-6 अन्य गावों के आसपास विचरण कर रहा है। वन विभाग द्वारा हाथियों के मौजूदगी को देखते हुए लोगों को जंगल में नहीं जाने की समझाइश दी गई थी लेकिन सूचना के बाद भी शनिवार की सुबह एक बच्ची जंगल में महुआ बीनने चली गई थी, बताया जा रहा है कि जंगल में महुआ बीनते समय 14 वर्षीया बच्ची का सामना हाथियों के दल से हो गया। दल में शामिल हाथियों ने बच्ची को उठाकर पटक दिया जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं एक अन्य व्यक्ति ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। मृतका की पहचान ग्राम बरदरिया निवासी 14 वर्षीया पिंकी कुमारी आ. बंबईया के रूप में की गई है।

# भूकंप के झटकों से हिला बस्तर, ओडिशा का कोरापुट था केंद्र, सीसीटीवी में कैद हुई घटना




**जगदलपुर, 5 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** जगदलपुर सहित बस्तर के कई इलाकों में बीती रात भूकंप के झटके महसूस किए गए. जमीन के हिलने से कुछ पल के लिए लोग दहशत में आ गए. हालांकि, राहत की बात यह रही की कोई जनहानि या कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

नैशनल केन्द्र फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, बीती रात 11.31 बजे आए भूकंप का केंद्र ओडिशा का कोरापुट था. जमीन में 5 किमी नीचे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.4 मैग्नीट्यूड दर्ज की गई. भूकंप के झटके महसूस करते ही लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल गए. चंद पलों में झटकों के थम जाने पर लोगों ने राहत की सांस ली, लेकिन भूकंप के लिहाज से कमोबेश सुरक्षित माने जाने वाले बस्तर में जमीन के हिलने की घटना ने न केवल आम लोगों को बल्कि भूविज्ञानियों को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है।

### हिंद महासागर में भूकंप के झटके 4.2 तीव्रता से हिली धरती




**नई दिल्ली, 5 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** रविवार तड़के हिंद महासागर में 4.2 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया, जिसने क्षेत्र में हल्की भूगर्भीय हलचल पैदा की। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, यह भूकंप समुद्र तल से लगभग 90 किलोमीटर की गहराई पर आया। सुबह के समय आए इस झटके से किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि घटना का प्रभाव सीमित रहा। विशेषज्ञों ने इसे सामान्य और कम तीव्रता वाला भूकंप बताया है, जिसके कारण किसी बड़े खतरे की संभावना नहीं बनी। साथ ही, किसी भी प्रकार की सुनामी चेतावनी भी जारी नहीं की गई है। हालांकि, वैज्ञानिकों का मानना है कि समुद्र के भीतर होने वाली ऐसी हलचलें भूगर्भीय गतिविधियों का संकेत होती हैं, जिन पर लगातार निगरानी बनाए रखना आवश्यक है। भूकंप केवल सतह पर ही नहीं, बल्कि पृथ्वी के भीतर विभिन्न गहराइयों पर भी उत्पन्न होते हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भूकंपों को उनकी गहराई के आधार पर तीन श्रेणियों में बांटा जाता है। उथले भूकंप सतह से 70 किलोमीटर तक की गहराई में आते हैं, मध्यवर्ती भूकंप 70 से 300 किलोमीटर के बीच और गहरे भूकंप 300 से 700 किलोमीटर तक की गहराई में उत्पन्न होते हैं।

### बागेश्वर जिले में महसूस हुए भूकंप के झटके, रिक्टर स्केल पर 3.7 मापी गई तीव्रता

उत्तराखंड के बागेश्वर में रविवार की सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार सुबह 11 बजकर 47 मिनट पर आए इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.7 मापी गई। भूकंप का केंद्र कपकोट तहसील के कर्मी गांव के समीप जमीन के भीतर 10 किलोमीटर की गहराई पर दर्ज किया गया। हालांकि झटके सामान्य होने के कारण जनजीवन पर कोई खास असर नहीं पड़ा। भूकंप के झटके इतने सामान्य थे कि अधिकतर लोगों को इसका अहसास तक नहीं हुआ। जिले में कहीं भी अफरा-तफरी की स्थिति देखने को नहीं मिली। जिला मुख्यालय सहित गरुड़, कपकोट और कांडा क्षेत्रों में स्थिति पूरी तरह सामान्य बनी रही। सूचना मिलते ही आपदा प्रबंधन विभाग सक्रिय हो गया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल ने बताया कि जिले के सभी संवेदनशील क्षेत्रों और तहसील मुख्यालयों से संपर्क साधा गया है।

### जमीनी विवाद में खूनी संघर्ष, एक व्यक्ति की मौके पर हुई मौत, कई घायल, जांच में जुटी पुलिस



**कांकेर, 5 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** जमीनी विवाद में पखांजुर थाना क्षेत्र के ग्राम पी.व्ही. 27 में एक परिवार पर 10 से 12 लोगों ने हमला किया. इस हिंसक झड़प में एक शख्स बृजेश मजूमदार की जहां मौके पर ही मौत हो गई, वहीं कई घायल हो गए, जिनका पखांजूर सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है. मौके पर पहुंची पखांजूर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# मौत के मुंह से बच निकला पायलटः भारी गोलीबारी के बीच ईरान से सुरक्षित निकाल लाई अमेरिकी सेना, ट्रंप ने की अपनी फौज की तारीफ



**नई दिल्ली, 5 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** पिछले 24 घंटों से जारी अनिश्चितता के बाद आखिरकार अमेरिका ने अपने उस पायलट का रेस्क्यू ऑपरेशन सफलता पूर्वक करने में कामयाबी हासिल कर ली है. अमेरिकी सेना ने अपने उस अफसर को खोज निकाला है, जो ईरान में मार गिराए गए स्न-15श्व ईगल के बाद लापता हो गया था. इस ऑपरेशन ने एक बार साबित कर दिया कि अमेरिकी मिलिट्री इस तरह के ऑपरेशन को कैसे सफलतापूर्वक अंजाम देती है. खुद राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिकी फौज की खूब तारीफ की है. अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि रेस्क्यू किया गया पायलट सेफ है और उसे सुरक्षित ईरान से निकाल लिया गया है।

यह बचाव अभियान किसी फिल्मी दृश्य से कम नहीं था. अमेरिकी स्पेशल फोर्सेस की रेस्क्यू टीमों को पायलट तक पहुंचने के लिए ईरान की धरती पर भारी गोलीबारी का सामना करना पड़ा. जिस पायलट को रेस्क्यू किया गया है, वह अमेरिकी एयरफोर्स में वेपन सिस्टम्स ऑफिसर है. दरअसल, शुक्रवार को कुवैत के ऊपर उड़ान भर रहे अमेरिकी एयरक्राफ्ट को ईरान ने निशाना बनाया गया था, जो दुर्घटनाग्रस्त हो गया. हालांकि, इसका पायलट सुरक्षित रूप से बाहर निकलने में सफल रहा, जबकि दूसरा पायलट लापता हो गया था. इसके ईरान में गिरे होने की सूचना थी।

ईरान के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में लापता अमेरिकी पायलट को ना केवल अमेरिका सेना खोज रही था बल्कि ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर बड़े पैमाने पर 'सर्च ऑपरेशन' शुरू कर दिया था।

# हिमंता बिस्व सरमा को नहीं बख्शेंगे, सत्ता में आते ही भेजेंगे जेलः राहुल गांधी



**नई दिल्ली, 5 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** असम के बिस्वनाथ में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा की केंद्र सरकार और राज्य के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर कड़ा हमला किया। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने राज्य की राजनीति में बाहरी दखल का आरोप लगाते हुए कहा कि असम की कमान असल में दिल्ली के हाथों में है। उन्होंने भ्रष्टाचार और महिला सुरक्षा के मुद्दों पर भी सरकार को जमकर घेरा। राहुल गांधी ने स्पष्ट संकेत दिए कि आने वाले समय में कांग्रेस इन मुद्दों को लेकर संघर्ष और तेज करेगी।

असम की रैली में बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप, नरेंद्र मोदी को कंट्रोल करते हैं और नरेंद्र मोदी व अमित शाह आपके मुख्यमंत्री को कंट्रोल कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि असम की सरकार को मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि दिल्ली से अमित शाह चला रहे हैं। राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर व्यक्तिगत हमला करते हुए कहा कि उन्होंने अपने परिवार को भ्रष्टाचार में शामिल करके बड़ी गलती की है। अब उनके परिवार को भी आरोपों का सामना करना पड़ेगा और कांग्रेस सत्ता में आने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी। राहुल गांधी ने कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा को माफी मांगने पर भी नहीं छाड़ेंगे और जेल भेजकर दम लेंगे।

चुनावी सभा के साथ-साथ राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर भी केंद्र सरकार के वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि हिंसा से पीड़ित महिलाओं की मदद के लिए बनाए गए ये केंद्र अपनी जिम्मेदारी निभाने में नाकाम रहे हैं। राहुल गांधी का दावा है कि मोदी सरकार इस मामले में किसी की बात सुनने को तैयार नहीं है। उन्होंने सुरक्षा को सरकार की बुनियादी जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि पीड़ित महिलाएं मदद के लिए भटक रही हैं लेकिन सरकार ने उनके लिए दरवाजे बंद कर रखे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने संसद में भी वन स्टॉप सेंटर की बदहाली का मुद्दा उठाया था। उन्होंने पूछा था कि इन सेंटरों में ताले क्यों लगे हैं और वहां स्टाफ की कमी क्यों है। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए सरकार से सवाल किया कि आखिर पांच में से तीन महिलाओं तक मदद क्यों नहीं पहुंच पा रही है। राहुल ने बजट के कम इस्तेमाल और देशभर से आ रही शिकायतों पर सरकार की चुप्पी पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने सरकार से पिछले पांच वर्षों में खुले नए सेंटरों और वहां खाली पड़े पदों का ब्यौरा मांगा।

# कब्जा खाली करने की अंतिम तिथि आजः कई दुकानदारों द्वारा स्वयं से हटाया जा रहा सामान

**रेल्वे द्वारा जारी नोटिस में 6 अप्रैल से पहले स्वयं कब्जा हटाने अन्यथा रेल्वे द्वारा कब्जा हटाने का है उल्लेख**

### धमतरी - रायपुर बड़ी रेल लाईन का कार्य है प्रगति पर, धमतरी में स्टेशन निर्माण सहित पटरी बिछाने का कार्य है जारी





**धमतरी 5 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** धमतरी-रायपुर बड़ी रेल लाईन निर्माण का कार्य अंतिम चरणों में है। लेकिन उक्त कार्य के लिए धमतरी के कुछ स्थानों पर कब्जा खाली कराने हेतु रेल्वे द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में कुछ दिन पूर्व रेल्वे द्वारा नोटिस जारी कर 5 अप्रैल तक कब्जा स्वयं से खाली करने कहा गया है। इसके पश्चात 6 अप्रैल से रेल्व स्वयं कब्जा खाली कराएगा।

उल्लेखनीय है कि धमतरी रेल्वे स्टेशन के सामने मुख्य मार्ग के किनारे कई मकान, दुकानों को रेल्वे द्वारा कब्जा खाली करने का नोटिस जारी किया गया है। बताया जा रहा है कि उक्त क्षेत्र में लगभग 70 से अधिक कब्जाधारी है जिनमें 14 मामले कोर्ट में मामला विचारधीन है। ऐसे में रेल्वे के सख्त नोटिस के बाद भी उनमें कब्जे को लेकर असमंजस्य की स्थिति है। आज कब्जा खाली करने की अंतिम तिथि होने के चलते कुछ दुकानदारों द्वारा स्वयं से दुकानों से सामान हटाकर कब्जा खाली किया जा रहा है। वहीं ज्यादातर दुकानदार पहले की तरह ही व्यापार करते रहे। ऐसे में देखना यह होगा कि रेल्वे द्वारा इस बार कब्जा खाली कराने सख्ती बरती जाएगी।

**2018 में हुआ था शिलान्यास, कोरोना काल के चलते अब तक नहीं हो पाया ब्राडगेज का काम:** ज्ञात हो कि 6 अक्टूबर 2018 को तत्कालीन रेल मंत्री पीयूष गोयल व तत्कालीन मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह द्वारा धमतरी रायपुर बड़ी रेल लाईन कार्य का शिलान्यास किया गया था। उक्त कार्य को 2022 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन 2020 में कोरोना काल के चलते कई वर्ष कार्य विलंब हो गया। इससे अब तक ब्राडगेज का काम पूरा नहीं हो पाया है।

### धमतरी तक पटरी बिछाने का कार्य है जारी

बता दे कि बड़ी रेल लाईन योजना के लिए लगभग 554 करोड़ की स्वीकृति मिली थी जिसमें धमतरी से केन्द्री तक लगभग 67 किमी तक लंबी लाईन लाईन बिछाई जाएगी। केन्द्री से अभनपुर, कुरुद और उससे आगे तक रेल लाईन बिछाई जा चुकी है। अब लगभग 8 किमी ही शेष रेल लाईन धमतरी तक बिछाना रह गया है जिसका कार्य भी जारी है। वहीं लगभग 70 करोड़ की लागत से धमतरी रेल्वे स्टेशन परिसर क्षेत्र को बनाया जा रहा है।

# कूचबिहार से आज पीएम मोदी फूंकेंगे चुनावी शंखनाद; विजय ने विपक्षियों पर साधा निशाना



**नई दिल्ली, 5 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यानी रविवार को उत्तर बंगाल के कूचबिहार से पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के प्रचार अभियान का औपचारिक आगाज करेंगे। ऐतिहासिक रास मेला मैदान में आयोजित विजय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए पीएम राज्य में पार्टी की चुनावी रणनीति और विजन की रूपरेखा रखेंगे। भाजपा ने इस रैली को राज्य में सिंडिकेट राज और कट-मनी संस्कृति के अंत के रूप में पेश किया है। भाजपा ने कहा है कि प्रधानमंत्री की यह यात्रा बंगाल को भय के युग से निकालकर भरोसे के भविष्य की ओर ले जाने पर केंद्रित है। यह रैली विश्वासघात के अध्याय को सुरक्षा और विकास की प्रतिबद्धता से बदलने का काम करेगी। बता दें, 2021 के चुनाव में उत्तर बंगाल भाजपा का गढ़ रहा था। पीएम की इस रैली के जरिये पार्टी अपनी पकड़ और मजबूत करना चाहती है। राज्य की 294 सीटों के लिए 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा, जबकि नतीजे 4 मई को आएंगे। पीएम के इस दौरे के बाद राज्य भर में वरिष्ठ नेताओं की रैलियों और रोड-शो का सिलसिला और तेज होगा।

CMYK